संक्षिप्त

असत्य पर सत्य की विजय

दौसा। विजयादशमी के पावन अवसर पर राज्य की एकमात्र विशिष्ट केंद्रीय कारागृह, श्यालावास में गुरुवार को रावण दहन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने उपस्थित कैदियों एवं जेल स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि रावण दहन केवल एक परंपरा नहीं है, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। कार्यक्रम में बंदियों व स्टाफ ने मिलकर रावण का पुतला दहन किया और विजयादशमी पर्व के महत्व पर विचार व्यक्त किए। कैदियों को यह संदेश दिया गया कि जीवन में क्रोध, लोभ, ईर्ष्या और अहंकार जैसी बुराइयों का त्याग कर सच्चाई और सद्गुणों का मार्ग अपनाना ही वास्तविक विजय है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी रामजीलाल शर्मा, गोपीचंद, पूर्व सरपंच प्रहलाद, रमेशजी, जेलर विकास बागोरिया, दिलावर खान, पापड़दा थाने के हेड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद, जेल कार्मिक तथा बड़ी संख्या में बंदी मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम का आयोजन सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ।

प्रार्थना सभा का आयोजन

कोटपूतली । ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली व नारेहड़घ के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार 02 अक्टुबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस मौके पर अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी व सतीश निमोरिया की अध्यक्षता में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाणा ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को याद करते हुये युवाओं को सत्य, अहिंसा, शांति व समरसता के संदेश से पूरे विष्व को दिशा दिखाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के पद् चिन्हों पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया था। हमें महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली के अध्यक्ष पूर्व चौयरमैन प्रकाश चंद सैनी ने कहा कि महापुरषों के विचार व आदर्श हमेशा हमें न्याय पूर्ण समाज, समानता एवं सशक्त लोकतंत्र की ओर बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गाँधी व शास्त्री का स्मरण करते हुये उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। संगठन महामंत्री वी के नवल ने बताया कि इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, किशोरीलाल शर्मा, पूर्व पार्षद हनुमान सैनी, सरपंच जगमाल सिंह यादव, एड. पवन सैनी, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेष महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव (लीडर), जगदीश मीणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल आर्य, श्यामलाल बंसल, रमेश जिंदल, ख्यालीराम सैनी, नितिन सैनी, जगदीश मेघवाल, बदलुराम आर्य, धनराज वाल्मीकि समेत अन्य मौजूद रहें।

सफाई कर्मी सम्मानित

कोटपूतली । स्थानीय नगर परिषद कार्यालय परिसर में एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एडीएम सहित नगर परिषद अधिकारियों व कार्मिकों ने परिसर में आयोजित राम धुन कार्यक्रम में 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' और 'रघुपति राघव राजा राम' का श्रवण किया। एडीएम ने गांधी व शास्त्री की तस्वीर पर सूत की माला अर्पण की एवं दीप प्रज्जवलित किया।

NAME CHANGE

I have changed my name from Sarita Kumari to Sarita Sharma for all purpose. R/o Plot no-101 Maharaja kishan singh nagar Dholai Mansarovar Jaipur.(Raj.)

I have changed my name from Sunil Sharma to Sunil kumar Sharma for all purpose. R/o Plot no-150 sector-6 VIDYADHAR NAGAR Jaipur.(Raj.)

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मोदी का "स्वच्छ भारत श्रेष्ठ भारत" का नारा जन आन्दोलन बना : संजय शर्मा

अलवर। राष्ट्रिपता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरूवार को नगर निगम कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें महात्मा गांधी के प्रिय भजन और रामधुनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका एवं संबंधित अधिकारियों, पार्षदगणों ने दोनों महापुरूषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने दोनों महान आत्माओं को नमन करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने जो अहिंसा का मार्ग दिखलाया है। वर्तमान समय में उस पथ पर चलने की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सिद्धांतों से परिपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि युवा पीढी दोनों महान आत्माओं के विचारों का अध्ययन करें व उनको आत्मसात करें। मिनी सचिवालय में किया गया महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

इस कार्यक्रम से पहले जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अगुवाई में मिनी सचिवालय परिसर में स्थित राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में स्काउट एण्ड गाइड के द्वारा रामधुनी व गांधी जी के प्रिय भजन की प्रस्तुति दी गई।

इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, डीएसओ विनोद जुनेजा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह सहित अधिकारियों व कर्मचारियों मौजूद रहे। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने आमजन के साथ मिलकर कम्पनी बाग में श्रमदान किया । शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में सहयोग करने का आव्हान किया ।

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने स्वच्छता दिवस के अवसर पर कम्पनी बाग में आमजन के साथ मिलकर साफ-सफाई कर श्रमदान करके स्वच्छता का संदेश दिया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर कम्पनी बाग में स्वच्छता अभियान आयोजित किया

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

■ मिनी सचिवालय में जिला कलक्टर की अगुवाई में महात्मा गाँधी की प्रतिमा माल्यार्पण हुआ

गया है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का स्वच्छता के प्रति भाव था कि क्षेत्र व स्थान स्वच्छ रहेगा तो मानव का स्वास्थ भी अच्छा रहेगा। इसी संकल्प को साकार करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत श्रेष्ठ भारत का नारा दिया जो जन आन्दोलन बनकर देश में स्वच्छता के प्रति आमजन में जागरूक लेकर आया है।

उन्होंने कहा कि अलवर शहर को स्वच्छ व सुन्दर शहर बनाने के लिए आमजन की सामूहिक जनसहभागिता के साथ निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान वन राज्यमंत्री ने आमजन के साथ मिलकर कम्पनी बाग में श्रमदान किया। उन्होंने आमजन से आ ान किया कि शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है, अतः गन्दगी ना फैलाए तथा अपने घरों व प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को गीले व सूखे कचरे के रूप में पृथक करके ऑटो टिपर में ही डालकर शहर की स्वच्छता में सहयोग करें।

धू-धू कर जल उठा रावण

श्रीमाधोपुर। असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजया दशमी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के कचियागढ़ स्टेडियम में रावण सहित मेघनाथ और कुभंकरण के विशाल पुतलों का दहन किया गया। इससे पूर्व कस्बे के मुख्य बाजारों से राम,लक्ष्मण ओर सीता की जींवत झांकियों की शोभायात्रा निकाली गई।

झांकियां पंजाबी मंदिर से शुरू होकर सुरानी बाजार, चौपड़ बाजार, रींगस बाजार होते हुए अस्पताल चौराहा पर बहुत सुंदर करतब दिखाते हुए पंजाबी मंदिर होते हुए कचियागढ़ स्टेडियम पहुंची जहां भगवान राम ने अग्निबाण चलकर रावण के पुतले का दहन किया, रावण के साथ ही मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का भी दहन किया गया।

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया

दौसा। दौसा शहर मंडल के तत्वावधान में गुरुवार को नेहरु गार्डन में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के बाद महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्यांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संयोग से आज विजयदशमी है भगवान श्री राम की कृपा आप सभी पर बनी रहे। दशहरा के इस पावन पर्व पर आप सबके परिवार में खुशहाली, समृद्धि और सभी का स्वास्थ्य अच्छा रहे। इस विजयदशमी पर सत्य, धर्म और न्याय

■ विजयदशमी पर सत्य, धर्म और न्याय की हमेशा जीत हो

की हमेशा जीत हो। आज गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती एक ही दिन है। सन 1934 में महात्मा गांधी वर्धा सेवा गांव आश्रम में निवास कर रहे थे उसके पास ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शिविर चल रहा था। शिविर की गतिविधियों को देखकर महात्मा गांधी जी ने महादेव भाई देसाई से शिविर देखने की इच्छा जाहिर की गांधी संघ के शिविर में डेढ़ घंटे रहे और यह देखकर उन्हें आश्चर्य हुआ कि सभी जातियों के लोग प्रेम से आपस में साथ खेलते हैं, साथ बैठकर खाना खाते हैं और किसी प्रकार का भेदभाव नहीं मानते हैं। उस शिविर में ऐसी जातियों के व्यक्ति भी शामिल थे जिनसे समाज में छुआछूत का बर्ताव होता था। गांधी ने शिविर कार्यवाह से पूछा कि यह संस्था किसने शुरू की है तो उन्होंने बताया कि डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार संघ के संस्थापक है और वह कल शिविर में आने वाले हैं। दूसरे दिन डॉक्टर शिविर में आए तो उन्हें गांधी द्वारा शिविर निरीक्षण की जानकारी मिली, अगले दिन दोनों का मिलने का समय तय हुआ डॉ महात्मा से मिले। डॉक्टर से संघ का सारा वृत्तांत जानने के बाद महात्मा ने डॉक्टर हेडगेवार से कहा कि आप निष्ठा से काम कर रहे हो आपको आपके कार्य में अवश्य सफलता मिलेगी। डॉक्टर द्वारा बीजारोपित संगठन को 100 वर्ष पूर्ण हो चुके है ओर संघ की प्रेरणा से अनेकों कार्य व संगठन चल रहे हैं जो भारत को परम् वैभव तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। जिला मीडिया प्रभारी प्रेम हरितवाल ने बताया कि महान स्वतंत्रता सेनानी लाल बहादुर शास्त्री को और महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन किया।

पंचायतों में लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविर

दौसा। राज्य सरकार की ओर से आमजन को एक ही स्थान पर सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने और जनसमस्याओं का निस्तारण करने के लिए चलाए जा रहे ठ्ठामीण एवं शहरी सेवा शिविर अभियान के तहत 3 अक्टूबर, शुक्रवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय वार्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर रामस्वरूप चौहान ने बताया कि ठ्ठामीण सेवा शिविर अभियान के तहत 3 अक्टूबर, शुक्रवार को महेश्वरा कलां (दौसा), पीचूपाडा कलां व पामाडी (बांदीकुई), बडियाल खुर्द व एंचेडी (बसवा), नांदरी, अचलपुरा एवं गांगदवाड़ी (सिकराय), बाडा बुजुर्ग व बड़ागांव (महवा), गोलाडा व भेदाडी मीनान (मंडावर), लाखनपुर व रतनपुरा (लालसोट), बैजवाडी व कालीखाड (नांगल राजावतान), गांगल्यावास व नयावास (रामगढ़ पचवारा) एवं काबलेश्वर (सैंथल) में शिविर आयोजित किए जाएंगे उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर, शुक्रवार को दौसा के वार्ड नं. 44 से 49 का सोमनाथ मंदिर दौसा, बांदीकुई के वार्ड नं. 24 से 28 का राजीव उद्यान केन्द्र बनापुरिया मौहल्ला बांदीकुई, लालसोट के वार्ड नं. 16 एवं 17 का सामुदायिक भवन खटवा रोड पर शिविर लगेगा।

विभिन्न संगठनों ने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि दी

टोंक। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिले भर में उनके प्रिय भजन, रामधुन एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इनमें भाग लिया, इसी दौरान जिला मुख्यालय के गांधी पार्क में विभिन्न संगठनो ने आयोजित कार्यक्रम में दोनों महापुरुषों की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया तथा सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, भाजपा पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, प्रभु बाड़ोलिया, विष्णु शर्मा व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, हंसराज गाता, उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया, नगर

टोंक। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सर्वधर्म प्रार्थना सभा हुई।

परिषद आयुक्त धर्मपाल चौधरी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटूलाल बैरवा, तहसीलदार मानवेंद्र जायसवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधि, पूर्व पार्षद, स्काउट,गाइड व एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।इस मौके पर विभिन्न दलो के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा कांग्रेस कमेठी द्वासरा सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया।

भरतपुर में रोवर रेंजर ने स्वच्छता का संदेश दिया

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड द्वारा रेलवे स्टेशन भरतपुर पर पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम, स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नुक्कड नाटक प्रस्तुत कर जन जागरूकता कार्य किया गया।

स्टेशन प्रबंधक डी.सी. मीणा, हरिराम गहरी, उपनिरीक्षक आर.पी.एफ. वी.के. यादव, सी.एच.आई. मनोज वशिष्ठ ने स्वच्छता को जीवन में अपनाने की बात कहीं। सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) गिरिराज प्रसाद गर्ग ने स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के तहत स्थानीय संघ, ग्रुपों द्वारा की गई गतिविधियों की जानकारी दी।

जिला प्रशिक्षण आयुक्त बलराज सिंह, स्थानीय संघ सचिव भानु प्रताप सिंह, सहा. लीडर ट्रेनर प्रकाश चंद सुमन, रवींद्र उपाध्याय, सुलेमान खान ने स्काउट गाइड रोवर रेंजर को सामुदायिक सेवा कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर रेंजर ज्योति, हिमांशी, सोनिया, लोहागढ़ ओपन रोवर क्रू के मनीष कुमार मौर्य, मुकेश, धर्मवीर सैनी, अमन, गौरव, विशाल, रेलवे स्कूल से दीपक सिंह, एम. एस. जे. राजकीय महाविद्यालय के ऋषि परमार, आशु चौधरी, निर्मल खींची, शिवराज, नितेश, कृपाल ने स्वच्छता चेतना नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण किया। पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम (ई. ई. पी.) के अंतर्गत ईको क्लब के माध्यम से जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, कचरा प्रबंधन, पर्यावरण चेतना की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अंत में सी.एच.आई. मनोज वशिष्ठ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

भरतपुर में स्काउट गाइड को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

सार-समाचार

गांधी जी को याद किया

बौंली- बामनवास । भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मलारना डूंगर उपखंड मुख्यालय पर सेवा पखवाडे के तहत गुरुवार 2 अक्टूबर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री एवं गांधी जी की जयंती मनाई। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता अमित कुमार शर्मा ने बताया कि मलारना डूंगर मंडल अध्यक्ष श्री चंद सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ आदर्श विद्या मंदिर के प्रांगण में लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी जी के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। बैठक शुभारंभ कार्यक्रम में पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्री जी बचपन से मेधावी छात्र रहे हैं, उनका जन्म भी सामान्य परिवार में ही हुआ, अपने अध्ययन के दौरान वह नदी तैरकर जाते थे, शास्त्री की ईमानदारी के प्रतीक थे, उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया। मंडल अध्यक्ष श्री चंद सैनी ने उपस्थित लोगों से कहा कि महात्मा गांधी भारत राष्ट्रीय थे एवं शास्त्री की सादगी से थे दोनों महापुरुषों के आदर्शो को जीवन में अपनाना आवश्यक है। बैठक के दौरान बूथ अध्यक्ष बृजमोहन जांगिड़, चंदन स्वामी, युवा मोर्चा मंडल के महामंत्री सुरेंद्र सैनी, आशीष शर्मा हम सिंह शेखावत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सेवा शिविरों का आयोजन जारी

कोटपूतली। कोटपूतली में ग्रामीण एवं शहरी सेवा षिविरों का आयोजन निरन्तर जारी हैं। एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के तहत कोटपूतली में 03 अक्टूबर को बसई एवं भालोजी तथा 04 अक्टूबर को कंवरपुरा एवं गोरधनपुरा में ग्राम पंचायत भवनों में शिविर आयोजित किये जायेगें। नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद ने बताया कि 03 अक्टुबर को रामसिंहपुरा, खेड़की वीरभान, गोपालपुरा, नौरंगपुरा, खरखड़ी, चानचकी के लिये पंचायत भवन रामसिंहपुरा में तथा 04 अक्टुबर को सरुण्ड, भोजावास, खेड़ा निहालपुरा, जगदीशपुरा, श्यामनगर के लिये पंचायत भवन सरुण्ड में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

शतायु पार मतदाताओं का सम्मान

कोटपूतली। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर राजस्थान निर्वाचन आयोग की ओर से लोकतंत्र के प्रहरी शतायु पार मतदाताओं का सम्मान किया गया। इस पहल के तहत ग्राम मल्लावाला (गोपीपुरा) के भाग संख्या 221 में तहसीलदार रामधन गुर्जर द्वारा शतायु पार महिला श्रीमती धापली एवं छिमली देवी का फूल माला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. श्री ईश्वर सिंह पुत्र श्री कायन सिंह व उनके पुत्र हरी सिंह, करण सिंह, यशपाल सिंह व पुत्री मान कंवर, केचन कंवर, सोहन कंवर उर्फ सोनू कंवर निवासी ग्राम डयोड़ा चौड़, तहसील बस्सी, जिला जयपुर ने अपनी पैतृक कृषि भूमि राजस्व खसरा नंबर 803 परिवर्तित खसरा नंबर 895 रकबा 41 बीघा 14 बिस्वा, खसरा नंबर 244 परिवर्तित खसरा नं. 894 रकबा 7 बीघा 16 बिस्वा का दिनांक 05.08.2011 को लक्ष्मण सिंह, मोहन कटारिया व श्रीचन्द के पक्ष मे एक विक्रय अनुबन्ध पत्र निष्पादित कर रखा है। किसी व्यक्ति द्वारा उक्त कृषि भूमि बाबत कोई क्रय विक्रय की संविदा करेगा तो शून्य व गैर कानूनी होगी। इस बाबत् कोई क्रेता अनुबन्ध करेगा तो स्वयं जिम्मेदार होगा।
लक्ष्मण सिंह शेखावत, प्लाट नं. सी-37-ए, कुमावत कॉलोनी, झोटवाड़ा, जयपुर, मोबाईल नंबर-9251028210
भंवर सिंह, एडवोकेट, मो.-9460635125, 8209037163

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक:-ज.वि.प्रा./भूमि / आम सूचना
जोन-5/2025/48
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीमा खण्डेलवाल पत्नी श्री लक्ष्मीनारायण एवं श्रीमती सीता खण्डेलवाल पत्नी श्री गंगा राम खण्डेलवाल द्वारा निजी खातेदारी की योजना नन्दपुरी के भू.सं. 88 क्षेत्रफल 300.00 वर्गगज का पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। उक्त आवेदन के साथ जगतनारी, 80वी की जमा अपि. वसीयत, विक्रय पत्र इत्यादि की मूल प्रतियां प्रस्तुत की गई हैं। जिनके अनुसार उक्त भूखण्ड के निजी खातेदारी ने खातेदार श्री किशरानजी पुत्र श्री नंदलालजी बहेलियाएवं बहेलियाएवं सलंग्नियारी मुसम्मात धापा पत्नि स्व. किरोड़ीलाल मोआई ने उक्त भूखण्ड को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 01.11.1969 से श्री गुलाब चन्द जैन पुत्र धनसुख जी व श्री धर्मचन्द पुत्र गुलाब चन्द जैन को बेचान किया गया। इसके पश्चात श्री गुलाब चन्द जैन पुत्र धनसुख जी व धर्मचन्द पुत्र गुलाब चन्द जैन ने भी उक्त भूखण्ड को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 08.01.1973 द्वारा श्री हरिदास जी चक्रवर्ती पुत्र श्री रोगाजाव जी चक्रवर्ती को बेचान किया। श्री हरिदास जी चक्रवर्ती पुत्र श्री गुलाजाव जी चक्रवर्ती द्वारा उक्त भूखण्ड की वसीयत पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 03.06.1987 के द्वारा वसीयते लिखी गई। उक्त वसीयत में उल्लेख किया गया था कि मेरे मरणोपरान्त उक्त भूखण्ड मेरी धर्मपत्नी श्रीमती शान्ती देवी के पक्ष में तथा पत्नी के मरणोपरान्त मेरे एकमात्र पुत्र के पक्ष में हमेशा एकमात्र रहेगा। श्री सत्यसुन्दर की मृत्यु मुत्यिक मृत्यु प्रमाण-पत्र अनुसार दिनांक 31.05.2016 को हो चुकी है। मृत्यु पश्चात् इनके विधिक वारिसों में श्रीमती रीता चक्रवती पत्नी स्व. डॉ सत्यसुन्दर चक्रवर्ती, मोहिनी चक्रवती पुत्री स्व. डॉ सत्यसुन्दर चक्रवर्ती एवं श्री मोहन चक्रवर्ती पुत्र स्व. डॉ. सत्यसुन्दर चक्रवर्ती ने उक्त भूखण्ड को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 17.01.2025 के द्वारा श्रीमती सीता खण्डेलवाल पत्नी श्री गंगाराम खण्डेलवाल, एवं श्रीमती रीता खण्डेलवाल पत्नी लक्ष्मीराम खण्डेलवाल को बेचान किया गया है। अतः उक्त दस्तावेजों के आधार पर आवेदित भूखण्ड का पट्टा जारी किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।
उपायुक्त जोन-5 जविप्रा, जयपुर

सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी क्लाइंट, ऋचा पीताम्बर ऐनानी, प्लॉट नं. 11/LA(b)/02 स्थित रिंग रोड प्रोजेक्ट (चिमनपुरा), जेडीए स्कीम, जयपुर को वर्तमान मालिकों से खरीदने का इरादा रखती है, जिनके नाम हैं: (1) श्री सुजाराम जाट (2) श्री मदनलाल जाट (3) श्री राजेंद्र जाट एवं (4) श्री रामस्वरूप
कोई भी इच्छुक पक्षकार/ अलॉटमेंट धारक (यदि कोई हो) जो उक्त प्लॉट (या वर्तमान मालिकों से) के संबंध में कोई लंबित दावा/ हित/ अधिकार/ मांग रखता है या कोई व्यक्ति जो उक्त प्लॉट (या वर्तमान मालिकों से) या उसके किसी हिस्से के संबंध में कोई दावा/ हित/ अधिकार/ शीर्षक/मांग/ स्टेट हित रखता है, उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तारीख से 3 (तीन) दिनों के भीतर अपने दावे के समर्थन में सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियों के साथ सूचित करना आवश्यक है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त प्लॉट (या वर्तमान मालिकों से) के खिलाफ कोई तीसरे पक्ष का दावा नहीं है।
For/ on behalf of "Richa Pitambar Ainani"
तनय एके पारीक, एडवोकेट
70, यूनोटवर गार्डन, सी-स्कीम, जयपुर, मो. 9784830099

कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(नई विधानसभा के पास, लालकोठी, जयपुर)
क्रमांक: एफ ( ) /न.नि.ज. ग्रेटर/मा. जोन/2024/2024
सार्वजनिक सूचना दिनांक: 01.10.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाती है श्री सुरेश मंगलानी पुत्र श्री गोविन्द राम मंगलानी द्वारा भूखण्ड संख्या 82 योजना वसुन्धरा क लोनी सोसायटी भारत भवन गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर क्षेत्रफल 362.50 वर्गगज भूमि का नाम हस्तानान्तरण चाहा गया है। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 12.04.2001 भूखण्ड संख्या 82 योजना वसुन्धरा क लोनी सोसायटी भारत भवन गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर क्षेत्रफल 362.50 वर्गगज का पट्टा विलेख श्री आत्माराम एवं गोविन्द राम मंगलानी पुत्रान श्री जीवतराम मंगलानी के पक्ष में जारी किया गया। श्री गोविन्द राम मंगलानी पुत्र श्री जीवतराम की मृत्यु दिनांक 20.08.2022 को हो चुकी है। श्री आत्माराम पुत्र श्री जीवतराम की मृत्यु दिनांक 27.03.2016 को हो चुकी है। श्रीमती मीरा मंगलानी पत्नी श्री गोविन्द राम मंगलानी, श्रीमति नीलम चंदवानी पुत्री श्री गोविन्द राम मंगलानी पत्नी श्री संजय चांदवानी एवं श्रीमती माला लालवानी पुत्री श्री गोविन्द राम मंगलानी पत्नी श्री संजय लालवानी द्वारा रजिस्टर्ड त्याग पत्र दिनांक 30.06.2025 के द्वारा अपने-अपने हिस्से का हकत्याग सुरेश मंगलानी पुत्र श्री गोविन्दराम मंगलानी एवं मनीष मंगलानी पुत्र श्री गोविन्दराम के पक्ष में किया गया। श्रीमती मीना देवी मंगलानी पत्नी स्व. श्री आत्माराम मंगलानी के शपथ पत्र अनुसार श्री आत्माराम मंगलानी के निम्नानुसार वारिस है- (i) मीना देवी मंगलानी (ii) सरला भगत (iii) चन्द्रप्रकाश मंगलानी (iv) पूनम चंदानी (v) नेहा मंगलानी एवं श्रीमती मीरा मंगलानी पत्नी स्व. श्री गोविन्दराम मंगलानी के शपथ पत्र अनुसार श्री गोविन्दराम मंगलानी के निम्नानुसार वारिस है- (i) मीरा मंगलानी () सुरेश मंगलानी (ii) नीलम संजय चांदवानी (iv) माला लालवानी (v) मनीष मंगलानी। आवेदकों के द्वारा आवेदन के साथ संलग्न किये गये अन्य दस्तावेजों की छानबीन के आधार पर भूखण्ड सं. 82 योजना वसुन्धरा क लोनी सोसायटी भारत भवन गृह निर्माण सहकारी समिति जयपुर द्वारा मीना देवी मंगलानी, सरला भगत, चन्द्रप्रकाश मंगलानी, पूनम चंदानी, नेहा मंगलानी, सुरेश मंगलानी एवं मनीष मंगलानी के पक्ष में किया जाना है। इस नाम हस्तानान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त मालवीय नगर जोन नगर निगम ग्रेटर) में प्रस्तुत कर दें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तानान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त, मालवीय नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
न्यायालय : उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ, जिला जयपुर
प्रार्थना पत्र सख्या 99/2025
नाथू वगैरह-विरूद्ध नारायण वगैरह रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 9 सी0पी0सी0
बनाम... नारायण, नाथू, दामोदर पुत्रान रामनारायण जाति ब्राहम्ण निवासी ब्राहम्णों का मोहल्ला सूरजपोल जयपुर जिला जयपुर ।
उक्त प्रार्थी / प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में उक्त उनवानी आवेदन पेश किया है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवदेन के विरूध हैतुक दर्शित करने के लिए दिंनाक 06/10/2025 को प्रातः 10 बजे स्वयं या अपने वकील द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया है उपस्थित होवे यदि आप या आपका वकील न्यायालय में उपस्थित नही होगा तो न्यायालय द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र का निपटारा एकपक्षीय किया जायेगा।
अतः आज तारीख 25/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।
उपखण्ड अधिकारी
जमवारामगढ जिला जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य दिनेश कुमार गुप्ता